**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 30.08.2020**

- **आज दिनांक नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा काकर कुण्ड में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 30.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1– नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 30.08.2020 का मो0 ककरा काकर कुण्ड में चल रहे निर्माण कार्य सर्वप्रथम मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम0आर0एफ0) निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एम0आर0एफ0 का निर्माण आरम्भ न होने पर रोष व्यक्त करते हुए तत्काल कार्य आरम्भ कराते हुए पहले पाइलिंग, कॉलम व शेड का निर्माण यथाशीघ्र कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। एम0आर0एफ0 निर्माण पूर्ण होते हुए उसका संचालन तत्काल आरम्भ कराये जाने के दृष्टिगत एम0आर0एफ0 संचालन हेतु तत्काल निविदायें आमंत्रित किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त व उपनगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। मो0ककरां में नवनिर्मित इंटरलाकिंग मार्ग पर दांहिनी ओर नवनिर्मित नाले के किनारे जहॉ पर कूड़ा पड़ा हुआ है, लगभग 150 मीटर स्थल पर लैण्ड स्कैपिंग कराते हुए पौधों, घास आदि से सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता, व सहायक अभियन्ता (जल)/प्रभारी उद्यान को निर्देशित किया गया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट संबंधी उपकरणों के निष्प्रयोज्य पाये जाने पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए तत्काल संबंधित फर्मो से निष्प्रयोज्य उपकरणों को कियाशील कराये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। मो0ककरां में स्लाटर हाउस परिसर में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की यूनिट लगाये जाने का प्रस्ताव 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्रस्तुत किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त व मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। मृत पशुओं के निस्तारण हेतु ककरा आबादी से पृथक किसी अन्य स्थल का चिन्हीकरण किये जाने, चिन्हित स्थल को तार बाड़ आदि लगाकर सुरक्षित किये जाने एवं चिन्हित स्थल पर मृत पशुओं के निस्तारण हेतु पूर्व से गड्ढा खुदाई का कार्य किये जाने हेतु उपनगर आयुक्त व मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। सी0एण्ड डी0 वेस्ट की व्यवस्था पृथक स्थल पर किये जाने हेतु स्थल का चयन एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से किये जाने हेतु तथा मो0 सुभाषनगर में गाटा नं0–1003 का स्थल यदि उपयुक्त पाया जाये तो उक्त स्थल पर बाउंड्रीवाल का प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त व मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। वर्तमान में डोर टू डोर कूड़े का विभागीय कलेक्शन कराया जा रहा है, जिसे और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु डोर टू डोर कूड़े का कलेक्शन आई0सी0टी0 बेस्ड कराया जाना आवश्यक है। गत दिवस वीडियो कांफ्रेसिंग में स्वच्छ भारत मिशन निदेशक/सचिव नगर विकास विभाग द्वारा निर्देश दिये गये कि नगर निगम, बनारस में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सफल हो रहा है, उसी के आधार पर नगर निगम, बनारस से समन्वय स्थापित कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का मॉडल प्राप्त कर नगर निगम, शाहजहॉपुर में लागू किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान, उपनगर आयुक्त,अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता, सहायक नगर आयुक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी आद उपस्थित रहे।

2– नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 30.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी।

कमशः.........................1

Scanned with CamScanner

इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, फत्तेपुर, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें । इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30.08.2020 को **एमनजई जलालनगर, बारादरी,बीबीजई चौराहा,रंगमहला, महमंद गढ़ी** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 30.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्मण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
30/8/2020

Scanned with CamScanner